## आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 27.11.2024 समय : 0705

<><><><><><><><>

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नागरिकों से संविधान के आदर्शों को अपनाने तथा विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में काम करने का आह्वान किया।

2. मुख्य सचिव डॉ. चन्द्र भूषण कुमार ने कल प्रशासन के सभी वरिष्ठ अधिकारियों को संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई।

3. अण्डमान सागर में बैरन द्वीप के नजदीक भारतीय तटरक्षक ने नशीले पदार्थों के साथ छह म्यांमारियों को गिरफ्तार किया।

4. आकाशवाणी के श्री विजयपुरम केन्द्र से आज लाईव फोन–इन कार्यक्रम हैलो डॉक्टर प्रसारित किया जाएगा।

<><><><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नागरिकों से संविधान के आदर्शों को अपनाने, अपने मौलिक कर्तव्यों का पालन करने तथा दो हजार सैंतालिस तक विकसित भारत के राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में काम करने का आग्रह किया है। कल संविधान दिवस के अवसर पर नई दिल्ली स्थित संविधान सदन के सेंट्रल कक्ष में आयोजित भव्य समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मु ने भारतीय संविधान को जीवंत और प्रगतिशील दस्तावेज बताया, जिसके माध्यम से देश सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के लक्ष्यों को प्राप्त कर रहा है। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि सरकार ने समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए हाल के वर्षों में कई उपाय किए है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान सरकार ने समाज के सभी वर्गों विशेषकर कमजोर वर्गों के लोगों के विकास के लिए अनेक कदम उठाए हैं। ऐसे निर्णयों से लोगों का जीवन बेहतर हुआ है तथा उन्हें प्रगति के नये अवसर मिल रहे हैं। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड ने कहा कि देश के संविधान को अंगीकार करने के पचहत्तर वर्षों को मनाना विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धी है। इस कार्यक्रम के दौरान भारत के संविधान को अंगीकार करने की पचहत्तरवीं वर्षगांठ को समर्पित एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी किया।

<><><><><><><><><>

मुख्य सचिव डॉ. चन्द्र भूषण कुमार ने सचिवालय के सम्मेलन कक्ष में कल प्रशासन के सभी वरिष्ठ अधिकारियों को संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर कल द्वीपसमूह के सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त, निजी स्कूलों, उच्च शिक्षण संस्थानों में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. बी. आर. अम्बेडकर को श्रद्धांजलि दी गई। समारोह में भारी मात्रा में स्कूली छात्रों, शिक्षको और कर्मचारियों ने भाग लिया।

<><><><><><><><><>

इस बीच, नेहरू युवा केन्द्र रंगत की ओर से संविधान दिवस मनाए जाने के सिलसिले में सीनियर सेकेण्डरी स्कूल रंगत के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संविधान निर्माता डॉ. बी आर अम्बेडकर के स्मरण में संविधान के मूल्यों, अधिकारों और कर्तव्यों पर जागरूकता बढ़ाने के लिए रैली का आयोजन किया गया। रैली को स्कूल के उप–प्रधानाचार्य सुशीम कुमार बिश्वास ने झंडी दिखाकर रवाना किया, जो बी जे पी चौक से होकर वापस स्कूल में आकर सम्पन्न हुई। रैली में करीब एक सौ बीस छात्रों ने भाग लिया।

<><><><><><>

अण्डमान सागर में बैरन द्वीप के नज़दीक भारतीय तटरक्षक को नशीले पदार्थों का कारोबार करने के मामले में एक बड़ी सफलता हाथ लगी है और करीब छह हज़ार किलोंग्राम नशीले पदार्थों के साथ छह म्यांमारियों को गिरफ्तार किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत कई हजार करोड़ रूपए होगी। कमान के कमांडर–इन–चीफ एयर मार्शल साजू बालाकृष्णन ने कहा कि अपनी निगरानी और मुश्तैदी के चलते कमान के तटरक्षक डोर्नियर विमान ने तेईस नवम्बर को एक संदिग्ध नौका देखी इसकी सूचना कमान मुख्यालय में संचालन केन्द्र को दी गई। तटरक्षक की ओर से तीव्र गति के जलयान अरूणा आसफ अली को संदिग्ध नौका के पीछे भेजा गया।

उन्होंने द्वीपों में नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए अंडमान सागर में गश्ती अभियान को और मजबूत बनाने पर बल दिया।

एयर मार्शल साजू बालाकृष्णन ने आम जनता से किसी भी संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस और कमान की तटरक्षक इकाई को देने की अपील की।

कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक हरगोबिन्दर सिंह धालीवाल सहित अरूणा आसफ अली के कमांडिंग ऑफिसर और कमान के अन्य आला अधिकारी भी उपस्थित थे।

<><><><><><>

आकाशवाणी के श्री विजयपुरम केन्द्र से आज लाईव फोन–इन कार्यक्रम हैलो डॉक्टर प्रसारित किया जाएगा। कार्यक्रम का विषय रहेगा–बच्चों का सही पालन–पोषण और देखभाल। कार्यक्रम में विशेषज्ञ डॉ. नन्दिनी श्रोताओं से संवाद करेंगी। श्रोता फोन संख्या–दो तीन दो पांच–पांच आठ और दो तीन दो तीन–तीन छः पर डायल कर अपने प्रश्न पूछ सकते हैं। कार्यक्रम आज शाम साढ़े छः बजे से सुना जा सकता है।

<><><><><><>

भारतीय सेना के भर्ती महानिदेशक मेजर जनरल जुबिन भटनागर श्री विजयपुरम में आयोजित अग्निवीर सेना भर्ती रैली के लिए द्वीपसमूह की अपनी यात्रा के दौरान कल राजनिवास में उपराज्यपाल एडमिरल डी.के.जोशी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने कहा कि चेन्नई भर्ती मुख्यालय द्वारा आयोजित इस रैली में पिछले साल की तुलना में अधिक वृद्धि देखी गई है।

<><><><><><>

निकोबार ज़िला पुलिस ने चेन्नई में आयोजित राष्ट्रीय ट्रैक साइक्लिंग चैम्पियनशिप में भाग लेने वाले विजेताओं और प्रतिभागियों को सम्मानित किया। साई कार निकोबार के खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से द्वीपसमूह का नाम रौशन किया है। पुलिस अधीक्षक सन्नी गुप्ता ने राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए सभी खिलाड़ियों की सराहना की और उनसे अपने लक्ष्य पर ध्यान केन्द्रित करने के साथ–साथ अपनी शिक्षा को भी प्राथमिकता देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा और खेल के बीच

संतुलन बनाए रखने से ही एक उज्जवल भविष्य का निर्माण हो सकता है। इस अवसर पर साई के खिलाड़ियों के साथ साइक्लिंग कोच और प्रभारी विश्वजीत बालाकृष्णा सूत्र भी उपस्थित थे।

**<><><><><><><>**

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

संविधान दिवस के अवसर   राष्ट्रपति द्वारा समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा संविधान हमारे लोकतांत्रिक गणराज्य की सुदृढ़ आधारशिला है– **द डेली टेलीग्राम्स** ने इस खबर को अपनी बडी खबर बनाते हुए प्रथम पृष्ठ में सचित्र प्रकाशित किया हैं। अण्डमान सागर में भारतीय तटरक्षक बल द्वारा भारी मात्रा में नशीले दवाओं के ज़ब्ती के समाचार को **द्वीप समाचार** ने प्रकाशित किया है। **अण्डमान कोनिकल** ने भी इस खबर को प्रमुखता दी है। निकोबार पुलिस द्वारा राष्ट्रीय साइक्लिंग चैम्पियनशिप में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए विजेताओं को सम्मानित करने के समाचार को **इंफों इंडिया** ने प्रकाशित किया है। **द अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** ने भी इस खबर को प्रमुखता दी है।

**<><><><><><><>**